अर्जन की कार्यवाही के पूरा होने पर, उन भवनों आदि के अतिरिक्त जो सड़कों पर, मार्ग के अधिकार पर, या सामुदायिक तथा अन्य उद्देश्य के लिए उछिष्ट भूमि पर पड़ते हैं, भूमि और भवन, उनके वर्तमान दखलकारों को पेश किए जायंगे। भूमि केवल पट्टे के आधार पर दी जायेगी।

1 फरवरी, 1967 के बाद बनाई गई इमारतों को गिरा दिया जायगा।

गंगा कोबाडक परियोजना

28. **श्री भा० सुन्दरलाल :**
श्री ओम प्रकाश त्यागी :
श्री हरदयाल देवगुण :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
श्री यज्ञदत्त शर्मा :
श्री जयसिंह :
श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :
श्री किरित विक्रम देव बर्मन :

क्या **सिंचाई तथा विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह समाचार सही है कि पाकिस्तान का विचार गंगा-कोबाडक परियोजना के मांग के रूप में गंगा नदी पर एक ऐसा बाँध बनाने का है, जिससे केवल फरक्का बाँध को ही क्षति नहीं पहुंचेगी अपितु कलकत्ता भी पानी में डूब जायेगा; और

(ख) यदि हाँ, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

सिंचाई तथा विद्युत मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) और (ख). पाकिस्तान ने एक स्कीम पेश की है जिसमें पूर्वी-पाकिस्तान में हार्डिंज ब्रिज की अनुप्रवाह दिशा में लगभग 2 मील दूर पद्मा नदी के ऊपर एक ऊँचे बराज का निर्माण होना है। ऐसे बराज से भारत को बहुत व्यापक क्षेत्र में जलमग्नता और कटाव आदि के रूप में काफी नुकसान होगा। पाकिस्तान में गंगा बराज के पश्चवर्ती जल के प्रभावों के कारण फरक्का बराज के सक्रिय प्रचालन पर भी असर पड़ेगा और यह कलकत्ता के बंदरगाह के लिए हानिकर है। पाकिस्तान की सरकार को यही सलाह दी गई है कि यह परियोजना अर्थपूर्ण विचार विमर्श का आधार नहीं बन सकती।

विदेशी तकनीकी लोगों को देश में लाने पर खर्च हुई विदेशी मुद्रा

29. **श्री सुन्दर लाल :**
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :
श्री ओम प्रकाश त्यागी :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने विदेशों से तकनीकी लोगों को देश में लाने के लिये 1965 से 1968 तक, वर्ष-वार, कितनी कितनी विदेशी मुद्रा खर्च की है ;

(ख) उपरोक्त वर्षों में किस-किस देश से किस-किस प्रकार के तकनीकी लोग देश में लाये गये और उनके लिये प्रत्येक देश को कितना-कितना धन दिया गया ;

(ग) तकनीकी लोगों को देश में लाने के लिये चौथी पंचवर्षीय योजना में कितनी राशि नियत की गई है ;

(घ) क्या तकनीकी लोगों को देश में लाने से सम्बन्धित नियमों और नीति में कोई परिवर्तन करने का सरकार का विचार है ; और

(ङ०) यदि हां, तो क्या ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० चं० सेठी): (क) और (ख). सभा की मेज पर एक विवरण रख दिया गया है जिसमें 1965-66, 1966-67, 1967-68 और अप्रैल-जून, 1968 में